आकाशवाणी शिमला
13.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

सर्वदलीय बैठक

आर.डी.जी. बंद होने के मुद्दे पर राज्य सरकार ने आज शिमला में सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें कांग्रेस, भाजपा, सी.पी.एम., आम आदमी पार्टी और बसपा के सदस्यों ने भाग लिया। भाजपा ने बैठक को कांग्रेस का राजनीतिक एजेंडा बताते हुए बैठक में कांग्रेस सदस्यों के व्यवहार से नाराज होकर इसका बहिष्कार किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने राजनीतिक मंशा से ये बैठक बुलाई थी और आर.डी.जी. को लेकर तथ्यों के विपरीत आंकड़े दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने आर्थिक कुप्रबंधन का ठीकरा केंद्र सरकार व पूर्व भाजपा सरकार के सिर फोड़ना चाहती है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि आज की बैठक में भी कांग्रेस की ओर से भाषा की मर्यादा का ख्याल नहीं रखा गया।

दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा आर.डी.जी. पर अपना मत स्पष्ट नहीं कर पाई और बिना कोई सुझाव दिए ही बैठक से चली गई। उन्होंने कहा कि आर.डी.जी. हिमाचल के लोगों का अधिकार है और कांग्रेस सरकार इसे लेकर लड़ाई लड़ती रहेगी।

पंचायत चुनाव

उच्चतम न्यायालय ने प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव इस वर्ष 31 मई से पहले करवाने के आदेश दिए हैं। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायाधीश न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने ये फैसला सुनाया। राज्य सरकार ने प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी, जिसमें 30 अप्रैल से पहले पंचायतीराज चुनाव करवाने का आदेश दिया गया था। उच्चतम न्यायालय के आज के आदेश के अनुसार राज्य सरकार को एक महीने की राहत मिली है। अदालत ने कहा कि पुनर्सीमांकन के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव टाले नहीं जा सकते।

लोकसभा–दवा मौत

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि देश में कोडीन युक्त कफ सिरप के सेवन से किसी की मौत की कोई घटना सामने नहीं आई है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि जब भी किसी दवा से संबंधित मौत का मामला सामने आता है, सरकार तुरंत जांच का आदेश देती है। जे.पी. नड्डा ने कहा कि यदि कोई दवा उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाई जाती है, तो उसे तुरंत बाजार से वापस मंगा लिया जाता है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि दवा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सुस्थापित नियामक प्रक्रिया लागू है, जिसका सरकार सख्ती से पालन कर रही है।

नड्डा दौरा

इस बीच जे.पी. नड्डा का कल से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आने का कार्यक्रम है। वे कल शाम बिलासपुर ज़िले में अपने पैतृक गांव विजयपुर पहुंचेगे। जे.पी. नड्डा 15 फरवरी को हमीरपुर के नेरी स्थित ठाकुर राम सिंह हिस्टोरिकल रिसर्च इंस्टीच्यूट में एक बैठक में भाग लेंगे।

संसद–स्थगित

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज स्थगित कर दी गई है। बजट सत्र के दूसरे संस्करण के लिए 9 मार्च को फिर से संसद की बैठक होगी।